सात जिलों में अक्तूबर में खोले जाएंगे ओडीओपी प्रोत्साहन केंद्र

पांच हजार करोड़ के उत्पाद को एसपीवी गठित कर तराशा जाएगा

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के सभी जिलों में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के अंतर्गत छोटे उद्यमियों के लिए कई योजनाओं का आगाज होने जा रहा है। अक्तूबर में सात जिलों सहारनपुर, मुरादाबाद, वाराणसी, संभल, गाजियाबाद, बिजनौर और उन्नाव में ओडीओपी प्रोत्साहन केंद्र खोले जाएंगे। करीब पांच हजार करोड़ रुपये के ओडीओपी उत्पाद को स्पेशल परपज व्हीकल (एसपीवी) गठित कर तराशा जाएगा।

पहले चरण में 24 जिलों में बनाए जाएंगे 29 प्रोत्साहन केंद्र

सरकार में एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए पहले चरण में 24 जिलों में 29 प्रोत्साहन केंद्र बनाने का फैसला किया है। सिद्धार्थनगर, सीतापुर, आजमगढ़, अंबेडकरनगर, आगरा, मुरादाबाद और मैनपुरी में पहले चरण के सुविधा केंद्र खुल चुके हैं। लखनऊ, भदोही, गौतमबुद्धनगर, बिजनौर, मिर्जापुर, बरेली, अयोध्या और मुजफ्फरनगर में परियोजनाएं अगले साल फरवरी तक शुरू होंगी। ब्यूरो

अक्तूबर में यहां शुरू हो जाएगा कामकाज

- **सहारनपुर** : काष्ठ शिल्प का हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट सेंटर। यहां केमिकल ट्रीटमेंट प्लांट, वुड सिसनिंग प्लांट और कटिंग मशीन की सुविधा मिलेगी।
- **मुरादाबाद** : धातु शिल्प का केंद्र। गोल्डन एरो सीपीवीडी फाउंडेशन का गठन। किस्टल फिजिकल वेपर डिपोजिशन फॉर मेटल और प्लास्टिक व वुड का प्रशिक्षण।
- **वाराणसी** : रेशम उत्पाद के लिए अप टाउन वेलफेयर फाउंडेशन का गठन। ऑटोमेटेड स्क्रीन प्रिंटिंग व डिजिटल प्रिंटिंग की सुविधा।
- **संभल** : सींग और अस्थि उत्पाद के लिए हार्ड बोन क्राफ्ट्स फाउंडेशन का गठन। बटन प्रोसेसिंग व पालिशिंग यूनिट व वुड सिसनिंग व इंसेंलिटी प्लांट का प्रशिक्षण।
- **गाजियाबाद** : यांत्रिकी उत्पाद के लिए एकेजी फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड प्रोडक्ट डेवलपमेंट का गठन। इसके जरिये उद्यमियों को मॉडर्न टूल रूम, अनुसंधान व विकास प्रयोगशाला, मैटेरियल टेस्टिंग और इंडस्ट्री स्थापना।
- **बिजनौर** : काष्ठ शिल्प विकास के लिए देवदार एसोसिएशन का गठन। यहां वुड सिसिनंग व केमिकल ट्रीटमेंट प्लांट व एडवांस टूल रूम बनाया जाएगा
- **उन्नाव** : जरी दरदोजी कार्य विकास के लिए उन्नाव जरी जरदोजी सद्भाव फाउंडेशन का गठन। कच्चे माल के लिए जरी बैंक, कॉमन वर्किंग प्लेस, डिजायन स्टूडियो व डिस्प्ले सेंटर और कॉमन प्रोसेसिंग सेंटर बनेगा।